**प्रेस विज्ञप्ति**

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह: सीएमडी ने इरेडा कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाई



नई दिल्ली, 28 अक्टूबर 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज "सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024" की शुरुआत की, जिसमें इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास और निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार मोहंती ने सभी कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाई। इस वर्ष का थीम, "राष्ट्र की समृद्धि के लिए सत्यनिष्ठा की संस्कृति" है।

भूटान से वर्चुअल माध्यम से जुड़ते हुए इरेडा के सीएमडी ने सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने के लिए इरेडा की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि , "सत्यनिष्ठा की संस्कृति को बढ़ावा देकर, हम ऐसे भविष्य में निवेश करते हैं जहां हमारे संगठन को अपनी नैतिक उत्कृष्टता और कॉर्पोरेट सुशासन के उच्चतम मानकों के अनुपालन के लिए पहचाना जाता है।" उन्होंने सभी कर्मचारियों से इस वर्ष की थीम को अपनाने का आग्रह किया,और इस बात पर जोर देते हुए कहा कि सत्यनिष्ठा राष्ट्र को मजबूत बनाती है और इरेडा की प्रगति और सफलता में योगदान देती है।



इरेडा के मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री अजय कुमार साहनी ने सभी कर्मचारियों को 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान कार्यशालाओं, संगोष्ठियों और प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जोकि सत्यनिष्ठा के महत्व को सशक्त करेंगे।